UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

आयोग भवन, हरिद्वार–249404

दूरभाष : 01334–244282, फैक्स : 244282

वैबसाइटः **www.psc.uk.gov.in**

पत्रांक :: 179 / 56 / उ.कु.प्रसा. / पशुचिकित्साधिकारी(ग्रेड–2) परीक्षा–2023 / गोपन–3/2023–24 दिनांक : 28 फरवरी, 2024

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है दिनांक 21 एवं 22 फरवरी, 2024 को **आयोजित पशुपालन विभाग के अन्तर्गत पशुचिकित्सा अधिकारी ग्रेड–2 पद हेतु मुख्य(लिखित) (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा–2023 के प्रथम प्रश्नपत्र– सामान्य अध्ययन एवं सामान्य हिन्दी, द्वितीय प्रश्नपत्र– पशुचिकित्सा विज्ञान एवं तृतीय प्रश्नपत्र– पशु विज्ञान विषयों की लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार)** की चारों सीरीज (A, B, C & D) की उत्तरकुंजी को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **www.psc.uk.gov.in** पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रसारित कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को चारों सीरीज के किसी प्रश्न एवं उत्तर विकल्प पर कोई आपत्ति है तो वह आयोग की वेबसाईट पर **Online Answer Key Objection** हेतु दिये गये लिंक पर जाकर अपनी आपत्तियों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार **दिनांक : 29 फरवरी, 2024 से 06 मार्च, 2024 (समय रात्रि के 23:59:59 बजे तक)** तक दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान करना होगा।

आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक **Online Answer Key Objection** के अतिरिक्त ई–मेल, डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थी द्वारा अन्तिम तिथि के उपरान्त प्रेषित आपत्तियों तथा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान नहीं किये जाने की दशा में प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर कुंजी के सापेक्ष आपत्ति दर्ज किये जाने से पूर्व आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध दिशा–निर्देश सम्बन्धी विस्तृत विज्ञप्ति **पत्रांक :: 178 / 56 / उ.कु.प्रसा. / पशुचिकित्साधिकारी(ग्रेड–2) परीक्षा–2023 / गोपन–3 / 2023–24 दिनांक : 28 फरवरी, 2024** का अध्ययन अवश्य कर लें।

-SD-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।